MINISTRY OF EDUCATION, SINGAPORE
in collaboration with
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE LOCAL EXAMINATIONS SYNDICATE
General Certificate of Education Ordinary Level

# HINDI

**3195/02**

Paper 2 Language Usage and Comprehension

**October/November 2007**

**1 hour 30 minutes**

Additional Materials: Answer Sheet

*2681562513*

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, index number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen on both sides of the paper.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **9** printed pages and **3** blank pages.

Singapore Examinations and Assessment Board

UNIVERSITY of CAMBRIDGE International Examinations

© UCLES & MOE 2007

## Section A
## खंड 'क'

### A1 Combination/Separation of Words [10]
### संधि – विच्छेद

निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए और अपने उत्तर दी गई उत्तर-पत्रिका में लिखिए ।

1 सूर्योदय

2 रवीन्द्र

3 स्वागत

4 धर्मात्मा

5 इत्यादि

### A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs [10]
### मुहावरे , लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिए मुहावरों, लोकोक्तियों और सहप्रयोगों में से उपयुक्त मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग चुनिए और उन्हें उत्तर-पत्रिका में लिखिए ।

6 महेश की माँ हमेशा उसे पढ़ाई में ध्यान लगाने को कहती पर उसने एक न सुनी और फेल हो गया, तब उसकी माँ ने कहा कि ______________________________।

7 कविता तुम तो कभी दिखाई नहीं देती, तुम तो _________________________हो गई हो ।

8 श्याम नौकरी पाने के लिए __________________________है ।

9 भगवान की नज़र में कोई ___________________________नहीं ।

10 मीटिंग में कोई भी किसी की बात नहीं सुन रहा था सब अपना-अपना _____________रहे थे ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | राग अलापना | (6) | मारा-मारा फिरना |
| (2) | अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत | (7) | पानी भरना |
| (3) | छोटा-बड़ा | (8) | एक चुप सौ सुख |
| (4) | अगल-बगल | (9) | जान पर खेलना |
| (5) | डींगें मारना | (10) | ईद का चाँद होना |

**A3 Sentence Transformation** [10]

**वाक्य रुपान्तरण**

निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को इस तरह पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए वाक्यों से भिन्न न हो। अपने उत्तर दी गई उत्तर–पत्रिका में लिखिए।

**11** वह परिश्रम करता है इसीलिए सफल होता है।
परिश्रम करने के कारण ______________________________।

**12** सदा सच बोलो।
तुम्हें सदा ______________________________।

**13** कमल ने कल एक पुराना गाना गाया।
कमल द्वारा ______________________________।

**14** ज्यों ही वह स्टेशन पहुँचा, गाड़ी चल पड़ी।
उसके स्टेशन ______________________________।

**15** इस बार मैं छुट्टियों में भारत जाना चाहता हूँ।
मैं चाहता हूँ कि इस बार ______________________________।

## A4 Cloze Passage [20]

**क्लोज़ पैसेज**

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुन कर उनकी संख्या को अपने उत्तर पत्र में लिखिए।

सिक्के की खोज से पहले लोग लेन-देन के लिए शंख या धातु का पैसे की तरह प्रयोग करते थे। वे अपने द्वारा बनाई ___16___ भी दूसरों द्वारा बनाई वस्तुओं के बदले देते थे। इस प्रक्रिया को लेन-देन कहा जाता था।

पहला धातु का ___17___ शायद 650 पूर्व ईसवी के आस-पास बना था। सिक्कों के साथ चीज़ें ___18___ आसान था क्योंकि हर सिक्के की कीमत उसके भार के अनुसार होती थी। तीसरी शताब्दी पूर्व ईसवी से ले कर सिक्कों पर उस देश के शासक की ___19___ होती थी जिसमें सिक्के प्रयोग किये जाते थे। यह इस बात को दर्शाती थी कि सिक्के की कीमत की गांरटी किसने दी है। कई देशों में यह ___20___ आज भी चल रही है।

दबे हुए ख़ज़ाने अभी भी समय-समय पर सारे संसार में लगातार ढूंढ़े जा रहे हैं। बैंक बनने से पहले सिक्कों को ज़मीन में दबाना ही दौलत ___21___ करने का एक तरीका था। ख़तरे के समय सुरक्षा के लिए सिक्कों को ___22___ में दबा दिया जाता था और कई बार तो वह गुम हो जाते थे या भुला ही दिए जाते थे। संसार के कई भागों में समुद्री लुटेरों ने अपना ___23___ दबाया हुआ था और इस बारे में कई रोचक पुस्तकें व उपन्यास लिखे गये हैं।

दबाए हुए सिक्कों का आर्थिक रुप में बहुत ___24___ है परन्तु वे पुरातत्वज्ञ के लिए भी बहुत महत्त्व रखते हैं। सिक्कों की रुपरेखा प्राचीन स्थानों की प्राचीनता या किसी जहाज़ के तूफ़ान में डूबने की ___25___ का पता लगाने में मदद करती है। दूसरे देशों के सिक्के इस बात का प्रमाण देते हैं कि उन के साथ व्यापार इन रास्तों से होता था।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **(1)** | तस्वीर | **(6)** | सिक्का | **(11)** | समुद्री लुटेरे |
| **(2)** | ज़मीन | **(7)** | ख़रीदना | **(12)** | ख़ज़ाने |
| **(3)** | तिथि | **(8)** | मदद | **(13)** | महत्त्व |
| **(4)** | वस्तु | **(9)** | प्रथा | **(14)** | अवस्था |
| **(5)** | कीमत | **(10)** | ज़मा | **(15)** | ढूढ़ने |

**BLANK PAGE**

**TURN OVER FOR SECTION B**

## Section B
## खंड 'ख'

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

डॉ अज़ाहरी, फारस्ट इनस्टिटयूट ऑफ मलेशिया के निर्देशक ने कहा," यह सब हम इन्सानों के लिए साधारण बात है कि हम पैदा होते हैं, हमें नाम दिया जाता है और हमारा नाम सरकारी रजिस्टर में दर्ज किया जाता है।"

"परन्तु", उसने आगे कहा, "फरिम में एकत्रित **600,000** रेंगने, चलने, उड़ने और भिन-भिनाने वाले कीड़ों के साथ वास्तव में ऐसा नहीं होता। केवल **10,000** का ही अपना कोई विशेष नाम है - बाकी तो 'जीवाणु जगत' के नाम से खो गये हैं। उनकी कोई श्रेणी, ग़ण,परिवार या जाति नहीं जो उन्हें पहचान व प्राकृतिक संसार में उनकी अपनी जगह दे।"

मलेशिया में अब हालात बदलने वाले हैं, न केवल कीड़ों के लिए बल्कि पेड़-पौधों और जानवरों के लिए भी। कीड़ों की पहचान करने हेतु बड़े पैमाने पर प्रयत्न किये जा रहे हैं कि पता लगाया जा सके कि वे क्या हैं, कहाँ हैं और कितने उपलब्ध हैं।

"उदाहरण के लिए हम पैसोह फॉरेस्ट रिज़र्व में वृक्षों के मानचित्र बना रहे हैं और वृक्षों पर निशान लगा रहें हैं," डॉ अज़ाहरी ने पुष्टि की। "**50** हैक्टर क्षेत्र में **6,000** अलग-अलग पेड़ हैं जिनमें एक सेंटीमीटर घेरे से लेकर बड़े-बड़े पेड़ शामिल हैं जो जंगल को ऊपर से पूरी तरह ढक देते हैं। हर बार जब हम वहाँ पूर्ण सर्वे करने जाते हैं तो हमें पेडों की नई जाति मिलती है। यह हमारे अनुसंधानकों के लिए बढ़िया ख़बर है परन्तु वे निराश भी हैं क्योंकि दुर्भाग्यवश हम कभी भी सूची को संपूर्ण नहीं कर पाऐंगे, हमेशा कुछ न कुछ नया मिलता ही रहेगा।"

इतना सब करने के साथ फरिम एक सभा बुलाने की सोच रही है जिसमें अनुसंधानकों और वैज्ञानिकों को इकट्ठा करने के साथ-साथ विदेशी विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जाये ताकि वे स्थानिक स्टाफ की विभिन्न नमूनों को पहचानने में मदद कर सकें। देश के वे हिस्से जो विशेष तथा संकटग्रस्त जातियों के घर हैं उन्हें पहचाना जायेगा और सुरक्षित रखने की सिफ़ारिश की जायेगी।

निर्देशक ने आगे जोड़ा,"हमारे संरक्षक इस परियोजना की प्रगति के लिए इतने बेताब हैं कि वो अक्सर सप्ताह में कई घंटे अतिरिक्त काम करते हैं।" "जब कोई नई जाति ढूंढी जाती है तो पूरी टीम में उपलब्धि का उत्साह होता है चाहे वो किसी ने अकेले ढूढ़ी हो या फिर पूरे दल ने मिलकर, ये कोई मायने नहीं रखता।"

इस सारी जानकारी को एकत्रित और सूचीबद्ध करने के फलस्वरुप मलेशिया के पास व्यापक और वैज्ञानिक आंकड़े तथा पेड़-पौधों और जानवरों के स्वास्थ्य कार्ड होंगें।

इस प्रकार अन्ततः बचे हुए **590,000** रेंगने वाले कीड़े अपने उचित लेटिन नामों से पुकारे जायेंगे।

© UCLES & MOE 2007

**B5 MCQ Comprehension** [14]

अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे चार-चार उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर को चुन कर उत्तर पत्र में उसकी संख्या लिखिए।

**26** अनुच्छेद में दिए शब्दों "वास्तव में ऐसा नहीं होता" विशेष तौर पर इस तथ्य का उल्लेख करते हैं कि

**(1)** हर एक पौधे को नाम नहीं दिया गया।
**(2)** हर एक कीड़े को नाम नहीं दिया गया।
**(3)** हर एक आदमी सरकार की सूची में नहीं।
**(4)** हर एक आदमी को सरकार द्वारा नाम नहीं दिया गया।

**27** लेखक ने सभी कीड़ों के उल्लेख के लिए "_______" शब्दों का प्रयोग किया है।

**(1)** जीवाणु-जगत
**(2)** जाति
**(3)** चलने वाले
**(4)** रेंगने वाले

**28** फरिम के अनुसंधानक

**(1)** पेड़ों की सूची बनाना शुरु करने वाले हैं।
**(2)** पेड़ों की सूची में हर समय कुछ नया जोड़ते हैं।
**(3)** पेड़ों की सूची लगभग पूरी कर चुके हैं।
**(4)** अन्ततः पेड़ों की सूची पूरी कर चुके हैं।

**29** डॉ अज़ाहरी के अनुसार, अनुसंधानकों का काम :

**(1)** अरुचिकर व नीरस है।
**(2)** बढ़िया व संतोषजनक है।
**(3)** रोचक परन्तु असंतोषजनक है।
**(4)** उत्तम परन्तु निराशाजनक है।

**30** विशेष और संकटग्रस्त जातियों की पहचान

**(1)** विदेशी विशेषज्ञ करेंगे।
**(2)** स्थानीय स्टाफ करेगा।
**(3)** अनुसंधानक करेंगे।
**(4)** वैज्ञानिक करेंगे।

31 संरक्षक

(1) कम से कम घंटे काम करते हैं।

(2) अतिरिक्त घंटे और हमेशा टीम में काम करते हैं।

(3) अकेले और दलों में काम करते हैं।

(4) कई अतिरिक्त घंटे परन्तु हमेशा अकेले काम करते हैं।

32 अनुसंधान का अन्तिम उद्धेश्य है कि

(1) ध्यान रखा जाये कि सभी पेड़, पौधे और जानवर स्वस्थ हैं।

(2) प्रत्येक पेड़-पौधों और जानवरों की जातियों को मलेशियन नाम दिया जाये।

(3) मलेशिया के प्रत्येक पेड़-पौधे और जानवर को सूचीबद्ध किया जाये।

(4) पता लगाया जाये कि मलेशिया में पेड़-पौधों और जानवरों की कितनी नई जातियां हैं।

**BLANK PAGE**

**TURN OVER FOR SECTION C**

## Section C
## खंड ‘ग’

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो, अपने शब्दों में और पूरे-पूरे वाक्यों में दीजिए ।

आसमान पर काले बादल छाये हुए थे तथा तेज़ हवाएं नाविकों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही थीं । दोपहर के समय जब हम इस क्षेत्र को ढकने वाली नहरों और नदियों के जाल के पर्यटन के लिए अपने हाऊसबोट का इन्तज़ार कर रहे थे तो पानी अशांत था ।

**पर्यटक** विभाग के उद्यमी ऐजंट हमें हमारी नौका में पहले आयी तकनीकी समस्याओं के बारे में सूचना दिये जा रहे थे परन्तु आख़िर में नौका आ गई । घनी भीड़ में से निकल कर धीरे-धीरे परन्तु निपुणता से चलते हुए उतरने वाले बिंदु तक पहुँच गई । वहाँ ज़हाज़ पर तीन कर्मचारी थे- रसोइया, गाइड व कैप्टन । “मैंने इस नौका को बचपन में चलाना सीखा,” चालीस साल के गठीले जवान कैप्टन सोमन ने कहा । बड़ी **निपुणता** से उसने नौका को धकेलने वाले चप्पू को पकड़ा और नौका को किनारे से दूर धकेल दिया और फिर जैसे ही रफ़तार बढ़ी वह बिना किसी यत्न के आसानी से कूद कर पहिए से लटक गया ।

यह एक आश्चर्यजनक **अलग-थलग** जगह थी जहाँ टेलिविज़न, समाचार पत्र या टेलीफ़ोन नहीं थे और हम ऐसे संसार में तैर रहे थे जिसमें सड़कें नहीं थीं और जो बाहरी दुनिया से जुड़ने के लिए केवल नौकाओं पर निर्भर करता था । नहरों पर लोगों के कपड़े धोने और नहाने जैसी गतिविधियों से हलचल मची हुई थी ।

“आप रात के खाने में क्या लेगें ?” रसोइये ने प्याज़ काटते हुए पूछा । “हमारे पास **शाकाहारी** भोजन-सूची है पर **स्थानीय** मछ्ली हमारी विशेषता है ।” मैंने स्थानीय मछ्ली को चुना और वह बहुत स्वादिष्ट थी ।

एक छोटी नौका नज़दीक आई और मछुआरे ने ताज़े पकड़े बड़े झींगों की नुमाइश की । वह मछलियाँ पकड़ भी रहा था और बेच भी रहा था । किनारों पर कई कामचलाऊ उत्पादक भारी संख्या में विभिन्न प्रकार का सामान बेच रहे थे ।

सूर्यास्त के समय नौका को किनारे पर बांध दिया गया । रात शांत थी परन्तु कभी-कभार मछ्ली पानी के बाहर कलाबाज़ी खाती थी और घोर अंधेरा केवल नौका की लालटेन की झिलमिलाहट से ही टूटता था । जब तक हम उठे, सूरज झिलमिल चमक रहा था और झील पर हो रही गतिविधियों के कारण चहल-पहल थी । दिनभर के लिए काम पर जा रहे लोगों से नौकाएं भरी हुई थीं ।

गाइड ने कहा, “आप ने तो अभी नहरों के जाल तंत्र के छोटे से भाग को जाना है जो इस क्षेत्र में पड़ता है ।”

हाँ, वह सही था- हमें शायद इन जलमार्गों की शांति का आनंद लेने दोबारा किसी और समय आना होगा ।

## C6 OE Comprehension [36]
**आशय समझना**

33 हाऊसबोट के देरी से आने के कौन से **चार** कारण थे ?

34 किन तथ्यों से पता चलता है कि कैप्टन एक अनुभवी नाविक था ? **चार** उदाहरण दीजिए।

35 विस्तार में बताइये कि जल-मार्ग पर जीवन आधुनिक जीवन से अप्रभावित कैसे है ? **चार** विवरण दीजिए।

36 लेखक ने सुबह और रात के समय के अन्तर को कैसे बताया है ?

37 अवतरण में क्षेत्र के निवासियों के परिश्रमी होने के कौन से प्रमाण मिलते हैं ? **चार** बातें लिखें।

38 कैसे पता चलता है कि लेखक ने पूरे सफ़र के अनुभव का आनंद उठाया ? **चार** उदाहरण दीजिए।

## C7 Vocabulary [10]
**शब्दार्थ**

अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है। इनका अर्थ हिन्दी में लिखिए।

39 पर्यटक

40 निपुणता

41 अलग-थलग

42 शाकाहारी

43 स्थानीय

**End of Paper**

© UCLES & MOE 2007

**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is itself a department of the University of Cambridge.